करनाल स्थित केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसधांन संस्थान में भारत सरकार के 'स्वच्छ भारत मिशन' कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 12 अक्तूबर, 2021 को स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम के तहत भारत सरकार दृवारा दिशानिर्देशीत 'वेस्ट टू वैलथ' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गांवों के स्कूलो के विद्यार्थियों एवं ग्रामीण लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन ग्राम कलामपुरा, करनाल के राजकीय उच्च विद्यालय में किया गया जिसमें सरंस्थान के स्वच्छता कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. अश्विनी कुमार, डा राज कुमार, डा. पारूल सुंधा मौजूद रहे। इस कार्यकम्र की विस्तृत जानकारी नोडल अधिकारी डा. अश्विनी कुमार ने, ठोस एवं तरल कचरे के प्रबंधन पर डा. पारूल सुंधा ने उपस्थित लोगों के साथ जानकारी साझाँ की तथा डा. राज कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस कडी में पौधारोपण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलामपुरा गांव के ग्रामीण लोगों तथा विद्यार्थियों सहित 120 से अधिक लोग उपस्थित थे जिनमें गांव के श्री बन्सी लाल एवं स्कूल के प्रधानाचार्य श्री नरेश राणा भी मौजूद थे, जिन्हें संस्थान की तरफ से ठोस एवं तरल कचरे के प्रबंधन हेतू 4 कूडेदान दिए गए।






